हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

11 बिना सीवरेज लाइन दुरुस्त किए हो रहा सड़क निर्माण



12 अमेरिका से पदक जीतकर लौटे पहलवान का अभिनंदन



खबर संक्षेप

रिलायंस मेट सिटी में पहली इंटरनेशनल हाफ मैराथन 25 को

झज्जर। रिलायंस मेट सिटी में रविवार को पहली मेट सिटी इंटरनेशनल हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मैराथन एवं दूरी दौड़ संघ द्वारा प्रमाणित इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में फिटनेस और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना है। रिलायंस मेट सिटी के सीईओ मनीष जायसवाल ने बताया कि 21.1 किलोमीटर की हाफ मैराथन सुबह साढ़े छह बजे, 10 किलोमीटर टाइम्ड रन सुबह सात बजे और 5 किलोमीटर की फन रन सुबह साढ़े सात बजे होगी जिसमें क्रमशः 18, 15 और 12 वर्ष से अधिक आयु के धावक हिस्सा ले सकते हैं। कुल नौ लाख की पुरस्कार राशि तय की गई है। इसके लिए 23 और 24 अक्टूबर को मेट सिटी क्लब एंड कन्वेंशन सेंटर व गुरुग्राम के साइबर हब स्थित डेकाथलॉन स्टोर पर पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

सोने का बाला झपटने पर दो आरोपी काबू

झज्जर। पुलिस की एक टीम द्वारा माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में पूजा करने आई महिला के कान से सोने का बाला झपटने पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी बेरी प्रभारी सागर ने बताया कि कंचन निवासी भवानी नगर, जिला होशियारपुर, पंजाब को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी कंचन की निशानदेही पर पुलिस ने सह-आरोपी अक्षय निवासी कांशीराम कॉलोनी, जिला झांसी, उत्तर प्रदेश को रोहतक के क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपियों से वारदात में छीना गया सोने का एक बाला बरामद किया गया है।

दस किलोग्राम चूरापोस्त सहित दो गिरफ्तार

झज्जर। एंटी नारकोटिक सेल की टीमों ने पुलिस चौकी मातनहेल क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से नशीला पदार्थ चूरा पोस्त सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीमों ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के कब्जे से 5-5 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। आरोपियों की पहचान बलजीत निवासी छुछकवास और अजीत निवासी सासरौली जिला झज्जर के तौर पर की गई है।

मेट्रो स्टेशन के नीचे से हेरोइन सहित गिरफ्तार

बहादुरगढ़। पुलिस की अपराध जांच शाखा 2 ने हेरोइन सहित एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान कृष्ण निवासी लाइनपार के रूप में हुई है। उसे पंडित श्रीराम मेट्रो स्टेशन के नीचे से पकड़ा गया। आरोपी से 8.03 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उसके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि वह यह नशीला पदार्थ कहां से लाया।

तीन दिवसीय हड़ताल की वजह से औद्योगिक क्षेत्र में कई जगह बिजली आपूर्ति रही बाधित

बिजली कर्मचारी सड़क पर, उद्योग पटरी से उतरे

- निजीकरण के विरोध में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, मांगें न मानने पर हड़ताल आगे बढ़ाने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गुरुग्राम और नूंह में बिजली वितरण के लिए प्राइवेट कंपनी को समानांतरण लाइसेंस देने से आहत बिजली कर्मचारियों ने तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों ने देवीलाल पार्क से लेकर पुराने बस अड्डे तक प्रदर्शन कर निजीकरण का विरोध जताते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हड़ताल के पहले ही दिन बिजली व्यवस्था प्रभाविज नजर आई। औद्योगिक क्षेत्रों और कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर तमाम कर्मचारी व अधिकारी देवीलाल पार्क में एकत्र हुए। इसके बाद प्रदर्शन शुरू हुआ। प्रदर्शन की संयुक्त अध्यक्षता इंजीनियर एसोसिएशन की प्रधान मनीता धनखड़ ने की, जबकि मंच संचालन राकेश ने किया। मोर्चा के आह्वान पर चल रही तीन दिवसीय हड़ताल को विभिन्न सामाजिक और कर्मचारी संगठनों का समर्थन मिला। मोर्चा के वरिष्ठ नेता बंसी लाल, रवींद्र दलाल, बिजेंद्र फोगाट, सुमित देसवाल और उमेश ने कहा कि हरियाणा इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन द्वारा निजी कंपनी को समानांतर लाइसेंस देना बिजली के निजीकरण की दिशा में कदम है। संयुक्त संघर्ष मोर्चा किसी भी कीमत पर बिजली का निजीकरण नहीं होने देगा। एक्सईएन, एसडीई आदि अधिकारियों ने भी अपने विचार रखते हुए एकजुटता का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि निजीकरण का सीधा असर आम उपभोक्ताओं, किसानों और बिजली कर्मचारियों पर पड़ेगा। विरोध के बावजूद सरकार निजीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसलिए ही तीन दिवसीय हड़ताल की जा रही है। यदि सरकार ने निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया तो हड़ताल आगे भी बढ़ाई जा सकती है।

इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी, सीटू के मुकेश मोरखी, बिजली उपभोक्ता मंच के रामकिशन, ऑल इंडिया खेत मजदूर संगठन के सतबीर सिंह, राजकुमार, भवन निर्माण कामगार यूनियन के संजीव कुमार, आरडब्ल्यूए के पूर्व अध्यक्ष गुलाब सिंह, सेक्टर-2 बहादुरगढ़ के सचिव रामधन दलाल आदि ने भी अपने विचार रखे। उधर, हड़ताल के पहले ही दिन व्यवस्था गड़बड़ाती नजर आई। जानकारी के अनुसार, आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र व गणपति धाम में आपूर्ति बाधित होने से फैक्ट्रियों का काम प्रभावित हुआ। बुपनिया, शाहपुर, दुल्हेड़प, बामड़ोली सहित कई में बिजली संकट हुआ। बहादुरगढ़ क्षेत्र में 25 स्टेशन, सब स्टेशन हैं, इनमें करीब 250 फीडर हैं। वीरवार को 20 से अधिक फीडर बंद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पावर हाउसों में पुलिस कर्मी तैनात रहे।



बहादुरगढ़। देवीलाल पार्क से प्रदर्शन के लिए निकलते बिजली कर्मचारी।

बिजली निगम कार्यालयों के 200 मीटर के दायरे में धरना व प्रदर्शन पर डीसी ने लगाई रोक

झज्जर। जिलाधीश वर्षा खांगवाल ने बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय प्रस्तावित हड़ताल के मद्देनजर जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा बिजली सेवाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। जिसके तहत जिले की सीमा में एचवीपीएनएल, यूएचबीवीएनएल के परिसरों तथा अन्य सरकारी परिसरों के 200 मीटर के दायरे में धरना-प्रदर्शन, विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी, जुलूस, मार्च, सभा, सामूहिक एकत्रीकरण तथा किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा।

बिजली आपूर्ति बाधित रहने से कई कॉलोनी में लोग पानी को भी तरसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

निजीकरण के विरोध में बिजली निगम कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। शहर के कई क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति यह रही कि कई क्षेत्रों में दिनभर बिजली आपूर्ति नहीं हो पाई, जिसके चलते पानी की सप्लाई नहीं होने के कारण आमजन को दोहरी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बिजली निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारियों ने तीन दिवसीय हड़ताल शुरू करते हुए बिजली निगम कार्यालय परिसर में धरना दिया। इस दौरान यूनियन के कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गुरुग्राम व नूंह जिलों के बिजली डिविजनों को निजी कंपनियों के हाथों में सौंपने के फैसले का कड़ा विरोध किया। बिजली यूनियन के यूनिट प्रधान रामदर्शन ने कहा कि कर्मचारियों की अपनी कोई मांग नहीं है,बल्कि उनकी लड़ाई जनता के हितों को ध्यान में रखकर लड़ी जा रही है। सरकार ने गुरुग्राम और नूंह जिलों के सर्किल बिजली डिविजनों को निजी कंपनियों के हाथों में सौंपने का फैसला लिया है, जिसका यूनियन विरोध कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली निगम का निजीकरण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली निगम का निजीकरण केवल कर्मचारियों का मुद्दा नहीं,बल्कि आम जनता के हितों से जुड़ा मामला है। यूनियन इस फैसले के खिलाफ अपना आंदोलन जारी रखेगी।



झज्जर। बिजली निगम कार्यालय में धरना प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।

अस्पताल में जनरेटर समेत वैकल्पिक इंतजाम करें



झज्जर। बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल के मद्देनजर जिला प्रशासन ने आवश्यक जनसेवाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए व्यवस्था प्रबंधन पर विशेष फोकस किया है। इसी क्रम में डीसी वर्षा खांगवाल ने वीरवार देर सायं नागरिक अस्पताल का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं और आपातकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी मरीजों के उपचार और आपातकालीन सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने अस्पताल में जनरेटर सहित बिजली के वैकल्पिक प्रबंधों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए।

वेयर हाउस में जांच कर रहे प्रोजेक्ट मैनेजर की ऊंचाई से गिरने पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गांव निमाणा के नजदीक एक वेयर हाउस में सामान की जांच करने पहंचे प्रोजेक्ट मैनेजर की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हो गई। मृतक की पहचान हरिद्वार के राजीपुर गांव निवासी करीब 44 वर्षीय आशीष गुप्ता पुत्र बृजभूषण के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार, आशीष गुप्ता गुरुग्राम के मानेसर स्थित एक निजी कंपनी में प्रोजेक्ट ऑफिसर के रूप में कार्यरत था। उस कंपनी का सामान यहां वेयरहाउस में आता है, जिसकी शिकायत पर वे सामान की जांच करने पहुंचे थे। जांच के समय जब वे ऊंचाई पर रखे सामान का निरीक्षण कर रहे थे उसी दौरान अचानक वे नीचे आ गिरे और जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में आशीष गुप्ता की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कर्मचारियों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी चंद्रजीत ने बताया कि मृतक की पत्नी की शिकायत पर संबंधित वेयर हाउस प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



अस्पताल परिसर में उपस्थित परिजन।

नागरिक अस्पताल में डॉक्टर और युवक के बीच छिड़ा विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नागरिक अस्पताल में वीरवार सुबह इलाज कराने पहुंचे एक युवक की डॉक्टर के साथ कहासुनी हो गई। आरोप है कि मरीज ने डॉक्टर के साथ अभद्र व्यवहार किया। विवाद बढ़ने पर डॉक्टर को पुलिस बुलानी पड़ी। हालांकि, किसी भी पक्ष ने पुलिस को लिखित में शिकायत नहीं दी। जानकारी के अनुसार, घटना अस्पताल की 5 नंबर ओपीडी में हुई। वीरवार की सुबह इलाज के दौरान किसी बात को लेकर डॉक्टर और मरीज के बीच विवाद हो गया। गार्ड्स ने आकर मामला संभाला। मामला बढ़ता देख डॉक्टर ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से बातचीत की। अस्पताल के पीएमओ डॉ. विनय देशवाल ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है। वहीं, थाना शहर एसएचओ राकेश कुमार ने कहा कि डॉक्टर की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है। ऐसे में फिलहाल किसी कानूनी कार्रवाई की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, नागरिक अस्पताल में मारपीट की एक अन्य घटना भी सामने आई है। झगड़े में घायल होकर अस्पताल पहुंचे दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान कुछ लोगों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर दी।

डॉक्टर ने बुलाई पुलिस, लिखित शिकायत नहीं दी



सड़क निर्माण में गलत पेमेंट व धांधली के आरोपों पर लोक निर्माण विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

सड़कों में गड़बड़ी के मामले में जेई के बाद अब एक्सईएन और एसडीई भी निलंबित

भाजपा नेता जसबीर सैनी ने की थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लोक निर्माण विभाग की भवन एवं सड़क शाखा द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों में कथित धांधली के मामले में कार्रवाई तेज हो गई है। इस मामले में पहले कनिष्ठ अभियंता मोहित को निलंबित किया गया था। अब विभाग की ओर से कार्यकारी अभियंता अनिल रोहिल्ला और उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार के निलंबन के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। भाजपा नेता जसबीर सैनी ने विकास कार्यों में धांधली करने और एक सड़क की पैमाइश अधिक दर्शाकर फर्जी भुगतान करने के आरोप लगाए थे। दरअसल, भाजपा नेता जसबीर सैनी ने सिद्दीपुर से मुंढेला, नेशनल हाइवे से मांडोठी गोशाला, इस्सरहेड़ी से झाड़ौदा और जगरतपुर से गंगड़वा तक सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए थे। इस मामले में संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि करीब 850 मीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य के रिकॉर्ड में वास्तविक कार्य से अधिक लंबाई दर्शाई गई। आरोप है कि रिकॉर्ड में 1450 मीटर निर्माण दिखाकर इसके आधार पर कथित तौर पर फर्जी भुगतान किया गया। शिकायतकर्ता ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठाए थे। शिकायत के उपरांत लोक निर्माण विभाग की भवन एवं रोड शाखा द्वारा 20 अगस्त को कनिष्ठ अभियंता मोहित को निलंबित करने के आदेश जारी किए थे। अब पीडब्ल्यूडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से 21 अक्टूबर को कार्यकारी अभियंता अनिल रोहिल्ला और उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार के निलंबन संबंधी आदेश जारी किए हैं। सड़क निर्माण कार्यों में कथित गड़बड़ी के मामले में विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई का दायरा बढ़ गया है।

निर्माण के बाद ही उखड़ने लगी थी सड़क

पूर्व पार्षद जसबीर सैनी के अनुसार सड़क का निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किया गया। निर्माण के तुरंत बाद ही सड़क उखड़ने लगी। पैमाइश को लेकर भी सवाल खड़े हुए थे। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच करने तथा संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की थी। उनके अनुसार संबंधित विकास कार्यों के रिकॉर्ड, निर्माण की वास्तविक लंबाई, भुगतान किए गए बिलों तथा सड़क की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।



हरिभूमि में 7 सितंबर को प्रकाशित समाचार।



पक्षी जगत / शिखर चंद जैन

अनोखी खूबियों वाले अमेजिंग बर्ड्स

बच्चो, तुमने अपने आस-पास या चिड़ियाघर में कई तरह के पक्षी देखे होंगे। लेकिन क्या ऐसे पक्षियों के बारे में जानते हो, जो हवा में हेलीकॉप्टर की तरह उड़ सकते हैं, मिसाइल जैसी रफ्तार से गोता लगा लेते हैं या जो किसी भी आवाज की नकल कर लेते हैं? यहां हम तुम्हें ऐसी ही अनोखी खूबियों वाले कुछ पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

हमिंग बर्ड उड़ने वाला हेलीकॉप्टर

हमिंग बर्ड, दुनिया का सबसे छोटा पक्षी तो है ही। इसके पास ऐसी काबिलियत भी होती है, जो किसी अन्य पक्षी के पास नहीं है। यह अकेला ऐसा पक्षी है, जो पीछे की तरफ भी(उल्टा) उड़ सकता है, दाएं-बाएं मुड़ सकता है और हवा में एक ही जगह पर बिना हिले-डुले स्थिर रह सकता है। यह एक सेकेंड में 50 से 80 बार तक अपने पंख फड़फड़ा सकता है। इस दौरान इनके पंखों से 'हमिंग' (भिनभिनाने) की आवाज आती है, इसीलिए इसे हमिंग बर्ड नाम दिया गया है। हमिंग बर्ड के पंखों का जोड़ा 180 डिग्री तक घूम सकता है, जिससे यह किसी हेलीकॉप्टर की तरह हर दिशा में कलाबाजी खा सकता है। इसका हृदय भी एक मिनट में 1,200 से भी ज्यादा बार धड़कता है। अपने शरीर में ऊर्जा बनाए रखने के लिए इसे हर 10-15 मिनट में भोजन की आवश्यकता होती है। हमिंग बर्ड की याददाश्त बहुत तेज होती है। इसे वह जगह और फूल तक याद रहता है, जहां जिस फूल से इसने पहले रस पिया होता है। *



पेरेग्रिन फाल्कन आसमान की मिसाइल

पेरेग्रिन फाल्कन यानी शाहीन बाज, सबसे तेज गति से हवा में गोता लगा लेता है। जब यह शिकार करने के लिए आसमान से सीधे नीचे की ओर गोता लगाता है, तो इसकी रफ्तार 320 से 390 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच जाती है, जो हाई स्पीड बुलेट ट्रेन से भी तेज है! इस तेज गति से उड़ते समय जब हवा इसके नथुनों में टकराती है, तो फेफड़े फटने का खतरा होता है। लेकिन कुदरत ने इसकी नाक के अंदर छोटे-छोटे विशेष शंकु जैसी संरचना बनाई है, जो हवा के दबाव को नियंत्रित करते हैं। इसकी आंखों में एक विशेष पारदर्शी झिल्ली होती है, जो तेज हवा में भी चश्मे की तरह काम करती है और बिना पलक झपकाए शिकार को तेजी से झपटने में मदद करती है। *

लायर बर्ड जंगल का साउंड रिकॉर्डर

ऑस्ट्रेलिया के घने जंगलों में पाया जाने वाला लायर बर्ड, दुनिया का सबसे बड़ा और चतुर नकलची पक्षी है। इसके स्वर-यंत्र की संरचना इतनी जटिल और विकसित होती है कि यह अपने आस-पास सुनी गई किसी भी ध्वनि की हूबहू नकल कर सकता है। जंगल के अन्य दर्जनों पक्षियों की आवाजों के अलावा, लायर बर्ड इंसानों द्वारा बनाई गई मशीनों की आवाजें जैसे कार का हॉर्न, कैमरे के शटर की क्लिक, कुल्हाड़ी की चोट, चेनसॉ (लकड़ी काटने की आरी), मोबाइल फोन की रिंगटोन और यहां तक कि बच्चों के रोने की आवाज भी बिल्कुल सटीक पिच के साथ निकाल लेता है। नर लायर बर्ड, अकसर मादा को रिझाने के लिए इन सभी आवाजों का एक अनोखा म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा जैसी ध्वनि उत्पन्न करता है। *



शुतुरमुर्ग एक्सप्रेस रनर

शुतुरमुर्ग उड़ नहीं सकता, लेकिन यह पृथ्वी का सबसे बड़ा, भारी और ऊंचा पक्षी है। उड़ने की कमी को यह अपनी जमीन पर दौड़ने की बेजोड़ क्षमता से पूरा करता है। शुतुरमुर्ग 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से लगातार दौड़ सकता है और एक ही छलांग में 3 से 5 मीटर की दूरी तय कर लेता है। इसके पैरों में केवल दो अंगुलियां होती हैं, जो इसे दौड़ते समय बेहतरीन ग्रिप और गति देती हैं। इसके पैर इतने शक्तिशाली और मजबूत मांसपेशियों से बने होते हैं कि इसकी केवल एक किक से शेर या तेंदुए जैसे खतरनाक शिकारी की भी हड्डी टूट सकती है या उसकी मौत हो सकती है। *



वुडपेकर नेचुरल ड्रिल मशीन

वुडपेकर यानी कठफोड़वा पेड़ों के सख्त तनों में छेद करके कीड़े ढूंढ़ने के लिए अपनी चोंच से लकड़ी पर तेजी से वार करता है। यह एक सेकेंड में लगभग 20 बार और एक दिन में 8,000 से 12,000 बार लकड़ी पर चोट करता है। जब यह चोट करता है, तो इसके सिर पर लगने वाला झटका इंसान को लगने वाले किसी गंभीर एक्सीडेंट के झटके से 10 गुना ज्यादा होता है। इतने भीषण झटकों के बावजूद इसके दिमाग में जरा-सी भी चोट नहीं आती। इसकी खोपड़ी में स्पंज जैसी छिद्रयुक्त हड्डियां होती हैं, जो झटके को सोख लेती हैं। इसकी जीभ बेहद लंबी होती है, जिसे यह अपने सिर के चारों तरफ लपेटकर एक नेचुरल सीटबेल्ट की तरह काम लेता है। *



नए जमाने की ट्रेंडिंग डॉल मिरूमी

डॉल्स सभी बच्चों को खूब भाती हैं। आजकल तो अमेजिंग टेक्नोलॉजी से लैस कुछ ऐसी डॉल्स मिलती हैं, जो तुम्हें हैरत में डाल देंगी। ऐसी ही एक प्यारी-अनोखी जापानी डॉल है- मिरूमी। बच्चे-बड़े सभी को मिरूमी डॉल खूब पसंद आ रही है। इसके बारे में जानो कुछ रोचक बातें।

टेक्नो-ट्वॉय

अंजू जैन



बच्चो, मिरूमी कोई साधारण डॉल नहीं, यह जापान की मॉडर्न टेक्नोलॉजी से बनी एक छोटी इंटरेक्टिव रोबोट डॉल है, जो अपने क्यूट बिहेवियर से सभी का दिल जीत रही है।

कहां से हुई मिरूमी की शुरुआत: मिरूमी डॉल की शुरुआत जापान के टोक्यो शहर से हुई है। इसे युकाई इंजीनियरिंग नाम की एक प्रसिद्ध रोबोटिक्स कंपनी ने बनाया है। 'मिरूमी' नाम दो जापानी शब्दों से मिलकर बना है 'मिरू', जिसका अर्थ है 'देखना' और 'नुइगुरूमी', जिसका अर्थ है 'भरा हुआ खिलौना' यानी स्टफ्ड टॉय। इसे बनाने की प्रेरणा जापानी लोककथाओं के जादुई जीव 'यो काई' और एक छोटे बच्चे की मासूम हरकतों से ली गई है।

बहुत खास और जीवंत है मिरूमी: मिरूमी डॉल में एडवांस सेंसर और मोटर लगे हैं, जिससे यह स्पर्श और आवाज पर रिएक्ट करती है। जब कोई इसे प्यार से थपथपाता है, तो यह अपनी गर्दन हिलाती है। अगर कोई अजनबी इसके बहुत करीब आता है, तो यह शरमाकर अपना चेहरा दूसरी तरफ घुमा लेती है। जब कोई इसे देखता है, तो यह उसे ऐसे देखती है, जैसे कोई छोटा बच्चा देख रहा हो। जब इसकी बैटरी कम होती है, तो यह थकने का नाटक करती है, धीरे-धीरे अपना सिर हिलाने लगती है। मिरूमी की ये प्यारी हरकतें किसी का भी दिल खुश कर सकती है। यही वजह है कि इसे 'स्ट्रेस रिलीफ' करने वाले खिलौने के रूप में पसंद किया जा रहा है।



साथ रखना है आसान: बच्चो, इस क्यूट-सी डॉल मिरूमी को तुम कभी भी, कहीं भी अपने साथ कैरी कर सकते हो। इसके लंबे हाथ होते हैं, जो इसे आसानी से तुम्हारे बैग के स्ट्रैप या बेल्ट से चिपके रहने में मदद करते हैं। इसे बैग एसेसरी के रूप में लगाना आजकल फैशन बन गया है। इसे रिस्ट बैंड की तरह हाथों में भी पहना जा सकता है। जिनके पास मिरूमी डॉल है, वे इससे इतना लगाव महसूस करते हैं कि इसके लिए छोटे-छोटे स्वेटर, स्कार्फ और चश्मा भी खरीदने लगे हैं।

बच्चों को बनाती है संवेदनशील: मिरूमी डॉल बच्चों को संवेदनशीलता सिखाती है। जब कोई बच्चा देखता है कि मिरूमी 'डर' रही है या 'शरमा' रही है, तो वह उसे पुचकारता है, जिससे बच्चे के अंदर देखभाल करने की भावना विकसित होती है। *

मिरूमी की कुछ अन्य खासियतें

बच्चो, मिरूमी डॉल में कुछ और भी विशेषताएं हैं, जो इसे बहुत खास बनाती हैं-

आई-कॉन्टेक्ट तकनीक: इसमें एक विशेष 'अटेंशन सेंसर' लगा है। यह कमरे में मौजूद इंसानी चेहरे को पहचानती है। अगर तुम इसे 3 सेकेंड से ज्यादा देखोगे, तो यह भी तुम्हारी आंखों में आंखें डालकर देखेगी।

धड़कता है मिरूमी का दिल: अगर तुम मिरूमी को अपने सीने से सटाकर पकड़ते हो, तो तुम्हें इसके अंदर एक हल्की धड़कन जैसा महसूस होगा।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्रेरणादायी-रोचक कहानियां

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए प्रेरणादायक-रोचक कहानियों का एक संग्रह छपकर आया है, नाम है- टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना। राजकुमार जैन 'राजन' द्वारा लिखी गई इस किताब में कुल ग्यारह कहानियां हैं। इन सभी कहानियों के रंग अलग-अलग हैं। 'पारुल का सपना' कहानी में उसका पायलट बनने का सपना इसीलिए पूरा होता है कि इसके लिए उसने जी-तोड़ मेहनत की और अपनी ट्रेनिंग पूरी करके सफल पायलट बन गई। 'पौधारोपण का महत्व' कहानी में दादाजी की यह बात बहुत महत्त्वपूर्ण और उपयोगी है कि वृक्षों से हरियाली तो रहती ही है, हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। प्लास्टिक का उपयोग कितना खतरनाक है, यह 'प्लास्टिक मुक्त' गांव कहानी पढ़कर जाना जा सकता है। 'खिलौना रोबोट' कहानी में यह तथ्य छिपा हुआ है कि माता-पिता बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कभी-कभी उनकी हर बात न मानकर कुछ बातों के लिए मना भी कर देते हैं। 'सच्ची दीवाली' कहानी का यह उद्देश्य है कि दीवाली जैसे त्योहार का मतलब सिर्फ रोशनी करना ही नहीं होता है, बल्कि एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ देना ही त्योहार का असली उद्देश्य होता है। किताब की शीर्षक कहानी 'टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना' में दो महत्त्वपूर्ण बातें सामने आती हैं- एक, अगर लगन हो तो संसाधनों के अभाव में भी शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। दूसरी, ज्ञान जितना बांटा जाता है हमेशा वह बढ़ता ही जाता है। 'दीपू ने ठग पकड़वाए' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह दीपू ने बड़ी चतुराई और सूझबूझ से ढोंगी व्यक्ति का भंडाफोड़ किया और उसको पुलिस के हवाले करा दिया। संग्रह की अंतिम कहानी 'बच्चों का वाचनालय' शिक्षा के विस्तार से जुड़ी हुई है। ऐसे ही इस संग्रह की अन्य कहानियां भी तुम्हारा मनोरंजन करने के साथ-साथ तुम्हें कुछ-न-कुछ सिखाएंगी। *



किताब: टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना (कहानी संग्रह), **लेखक:** राजकुमार जैन 'राजन', **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** ज्ञानमुद्रा पब्लिकेशन, भोपाल



कहानी

रवि प्रकाश

क्लास की खिड़की का शीशा टूटा तो इसके लिए आर्यन को दोषी माना गया, क्योंकि उसकी छवि एक शरारती लड़के की थी। एक छात्रा ने सच बताया, वास्तव में शीशा किससे टूटा? एक सच्ची लड़की की प्रेरक कथा।

सच का साहस



एआई इमेज

टन-टन-टन..!' लंच ब्रेक की घंटी बजते ही क्लास में शांत बैठे बच्चों का शोर-शराबा शुरू हो गया। वे टिफिन खोलने लगे, हंसते हुए बात करने लगे। सिक्सथ क्लास की मीरा अपनी सादगी और शांत स्वभाव के लिए जानी जाती थी। वह अभी अपनी जगह से उठी ही थी कि पीछे से दौड़कर आती एक बच्ची का धक्का लगा। वह पास की खिड़की से जा टकराई। जोर की आवाज हुई, 'चटाक!' खिड़की का शीशा टुकड़ों में फर्श पर बिखर गया।

पूरी क्लास में सन्नाटा छा गया। क्लास मॉनिटर ने दबी आवाज में कहा, 'अरे मीरा! यह तो बहुत महंगा शीशा था। मिश्रा सर अभी आते ही होंगे, वे बहुत गुस्सा करेंगे।'

तभी मिश्रा सर क्लास में दाखिल हुए। टूटे हुए शीशे को देखते ही उनकी भौंहें तन गईं, कड़क आवाज में बोले, 'यह किसने तोड़ा ?' सब सिर झुकाए खड़े थे। मिश्रा सर की नजर कक्षा के सबसे नटखट लड़के आर्यन पर जा टिकी। वह अकसर शरारतें करता था, लेकिन आज वह चुपचाप अपनी सीट पर बैठा था। 'आर्यन! मुझे पता है, यह तुम्हारी ही हरकत होगी। खड़े हो जाओ!' मिश्रा स्वर गुस्से से बोले।

आर्यन घबरा गया, 'नहीं सर... मैंने नहीं तोड़ा है शीशा, सचमुच..।' लेकिन उसकी बात पर मिश्रा सर को यकीन नहीं हुआ। उनके दिमाग में आर्यन की छवि एक शरारती लड़के की जो थी। उधर मीरा का दिल तेज धड़क रहा था। वह कुछ बोलना चाहती थी, पर शब्द जैसे गले में ही अटक गए। उसकी सहेली बहुत धीरे से बोली, 'मीरा, चुप रह। सर तो आर्यन को डांट रहे हैं, तुम्हें कुछ नहीं होगा।'

मीरा के मन में दो आवाजों के बीच जैसे युद्ध छिड़ गया। एक आवाज कह रही थी, 'चुप रहो, डांट से बच जाओगी।' दूसरी आवाज कह रही थी, 'सच बोलो, निर्दोष को मत फंसने दो।'

तभी उसे अपनी दादी मां की कही बात याद आई, 'गलत करके चुप रहना, अपने आपको धोखा देना है। तुम्हारी गलती की सजा किसी और को मिले, यह तो एक प्रकार से पाप है।'

मीरा की टांगें कांप रही थीं, लेकिन उसने पूरी हिम्मत जुटाई और हाथ ऊपर उठाकर बोली, 'सर!' उसकी आवाज पहले थोड़ी लड़खड़ाई, फिर संभलकर बोली, ' खिड़की का शीशा आर्यन ने नहीं तोड़ा, मुझसे टूटा है। मैं मुड़ रही थी, गलती से मेरा हाथ लग गया। मुझे माफ कर दीजिए सर।'

मिश्रा सर का गुस्सा पल भर में शांत हो गया। उन्होंने आर्यन को बैठने का इशारा किया और पूरी क्लास की ओर मुड़े और शांत भाव से बोले, 'टूटा हुआ कांच बदला जा सकता है, लेकिन कोई गलत काम करके एक बार नजरों से गिर जाए, तो हमेशा के लिए विश्वास-भरोसा खो देता है। मीरा ने आज सच बोलकर एक साहस का काम किया है, सबका दिल जीता है। अपनी गलती स्वीकार करना, बहुत हिम्मत का काम है।'

यह सुनकर बच्चों ने एकसाथ क्लैपिंग की। मीरा सच बोल कर मन ही मन बहुत हल्का महसूस कर रही थी। *

कविता

शादाब आलम



एआई इमेज

पिप्पी एक पपी लाई

विद्यालय से घर आई है
पिप्पी एक पपी लाई है।
उसे खूब उसने नहलाया
झाड़ा, पोछा, तेल लगाया।
मां बोलीं, क्यों इसको लाई
कौन करेगा साफ-सफाई?
पापा भी बोले, पल भर में
बहुत गंदगी होगी घर में
दादी बोलीं, पान चबाकर
इसे छोड़ दे बाहर जाकर
सबके पास समय की किल्लत
कौन करेगा इसकी खिदमत?
बात सुनी पिप्पी ने सबकी
और पपी को दी फिर थपकी
बोली उसको गोदी लेकर
मैं हूं इसकी केयरटेकर।



कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

एक रूप रुपहला तारा

एक रूप रुपहला तारा
जैसे थाली भर पारा
या परी भुलक्कड़ भूली
अपना सिंगार पिटारा
एक झिलमिल सा आईना
टीका है जड़ा नगीना
नीले सरुवर में मानो
एक श्वेत कमल रसभीना
नभ की दीवार घड़ी है
बिंदी जो रतन जड़ी है
खा लो, है बर्फ का गोला
खेलो वह बॉल पड़ी है
यह चांदी का सिक्का है
या ताश तुरुप इक्का है
कुरमुर पापड़ चावल का
या आलू का टिक्का है
क्या साइज है इडली का!
या प्याला भरा दही का
मीठा लड्डू मावा का
या घेवर फीका-फीका?
रबड़ी का भरा कटोरा
बिखरा मिसरी का बोरा
मां धरती नीली-नीली
पर मामा गोरा-गोरा।

जीके क्विज-228

1. हाल ही में भारतीय नौसेना में शामिल किए गए पहले स्वदेशी बहुउद्देशीय युद्धपोत का क्या नाम है?
2. शरद पूर्णिमा को किस महान ऋषि की जयंती मनाते हैं?
3. वर्ष 2026 के लिए भौतिकी (फिजिक्स) का नोबेल पुरस्कार किसे प्रदान किया जाएगा?
4. कंप्यूटर के किस हिस्से को उसका मस्तिष्क कहा जाता है?
5. राष्ट्रीय एकता दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत की संसद के निचले सदन को क्या कहते हैं?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. आंवला में कौन-सा विटामिन पाया जाता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
10. भारत का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-228 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-227 का उत्तर: 1. नवी पिल्लै, 2. ऐनी कार्सन, 3. मध्य प्रदेश, 4. आशुतोष दीक्षित, 5. बौद्ध धर्म, 6. 11, 7. विष्णु शर्मा, 8. न्यूयॉर्क सिटी, 9. चिल्का झील, 10. कैनबरा

जीके क्विज-227 का सही उत्तर देने वाले: कबीर-हिसार, यशस्वी-ईमेल से, धृष-दिल्ली, रोहित-राजानांदगांव, निशिता-भोपाल, अवियांश-बलौदा बाजार, देविषा-महासमुंद, लाभ्या-झज्जर, श्रुति-रोहतक, माधव-बिलासपुर, राशि-हिसार

रंग भरो-213

रंग भरो-213 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सान्वी, बिलासपुर



वसनी, रायपुर



मानित, रोहतक



कुंजल, रायपुर



दीक्षा, धमतरी



आंचल, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सावी-बिलासपुर, प्रिया-धमतरी, तृषा-रायपुर, काश्वी-रायपुर, भव्या-बिलासपुर, सुमन-भिवानी, माधव-जांजगीर, सविता-कटनी, दिनेश-दिल्ली, राजेश-धमतरी, पंकज-गुना, विनेश-करनाल, सौरभ-बिलासपुर, रानी-कोरबा, सुमन-भोपाल

रंग भरो 214



बच्चो, यहां तालाब में तैर रही डक और डकलिंग्स का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बालीनगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

न्यूज डायरी



झज्जर। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण उपायों की समीक्षा करते हुए डीसी वर्षा खांगवाल।

एडवांस टेक्नोलॉजी के साथ सभी ईंट भट्ठे जिग-जैग तकनीक से संचालित

झज्जर। जिले के गांव खेड़का गुर्जर स्थित देशवाल भट्ठा कंपनी प्रदूषण नियंत्रण में आधुनिक तकनीक का रोल मॉडल बना हुआ है वहीं जिले में स्थित अन्य 265 ईंट भट्ठों का जिग-जैग तकनीक से संचालन प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण पहल है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह व्यवस्था अन्य जिलों के लिए भी अनुकरणीय है। वीरवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के चेयरमैन राजेश वर्मा ने वीसी में जिला प्रशासन द्वारा वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर उठाए जा रहे कदमों की सराहना की। वीसी उपरांत डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि पराली जलाने, औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले धुएं, वाहनों के उत्सर्जन, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल और खुले में कचरा जलाने जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने निगरानी और कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं।



झज्जर। समाधान शिविर के दौरान आमजन की समस्याएं सुनते एडीसी जगनिवास।

एडीसी ने सुनीं आमजन की समस्याएं

झज्जर। वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में एडीसी जगनिवास ने आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की लगातार निगरानी की जा रही है। अब तक प्राप्त अधिकांश शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, जबकि लंबित शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं दर्ज की गई।



झज्जर। चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए मास्टर ट्रेनर।

दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

झज्जर। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण को लेकर लघु सचिवालय सभागार में वीरवार से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण का एकमात्र उद्देश्य जनगणना कार्य को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराना है। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में हरियाणा में नागरिक 10 जनवरी से 24 जनवरी 2027 तक स्व-गणना के माध्यम से ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर निर्धारित प्रश्नावली के अनुसार प्रत्येक परिवार और व्यक्ति से संबंधित जानकारी एकत्रित करेंगे। जनगणना का कार्य मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति से निर्धारित प्रश्नावली के अनुसार कुल 40 प्रश्न पूछे जाएंगे।

बादली में भी लगा समाधान शिविर



बहादुरगढ़। वीरवार को बादली में एसडीएम विशाल कुमार की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एसडीएम विशाल कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए उनका समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करें।

शीला राठी ने हड़ताल को दिया समर्थन

बहादुरगढ़। बिजली कर्मचारियों द्वारा घोषित तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल को इनेलो ने अपना खुला समर्थन दिया है। इनेलो ने सरकार के इस कदम को जनविरोधी करार देते हुए बिजली विभाग को निजी हाथों में सौंपने की साजिश करार दिया है। इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी देवीलाल पार्क में एकत्रित हुए बिजली कर्मचारियों के बीच पहुंची और उनकी हड़ताल को जायज ठहराया। उन्होंने कहा कि बिजली निगमों का निजीकरण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार तुरंत बिजली वितरण से जुड़े निजीकरण के फैसलों और विवादित लाइसेंसों को रद्द करे।

किसानों का महाकुंभ एमआर स्कूल में आज

झज्जर। गांव हसनपुर स्थित एमआर स्कूल में शुक्रवार को बड़े स्तर पर कृषि मेला आयोजित हो रहा है। देश भर से कृषि वैज्ञानिक और प्रदेश भर से हजारों की संख्या में किसान मेले में पहुंचेंगे। पूर्व कृषि मंत्री एवं कृषि मेले के संयोजक औम प्रकाश धनखड़ ने बताया कि कृषि मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेला स्थल को जाम फ्री रखने के लिए वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है। मेले में किसानों के लिए भंडारे और जलपान की भी व्यवस्था की गई है।

हर शिकायत का समय पर हो समाधान



बहादुरगढ़। एसडीएम अभिनव सिवाच ने वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा में उसका समाधान किया जाए। ताकि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रशासन नागरिकों को बेहतर और सुगम सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

एलए स्कूल निदेशक जयदेव दहिया के निधन पर शिक्षाविद् व राजनेताओं ने जताया शोक

झज्जर। एलए स्कूल के निदेशक जयदेव दहिया के निधन पर वीरवार को शिक्षाविद व राजनेताओं ने उनके पैतृक गांव बिरधाना पहुंच कर शोक व्यक्त किया। शोक जताने वालों में जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, मनीष बंसल, पैरामाउंट स्कूल डायरेक्टर मंजीत फोगाट, आरपीएस स्कूल डायरेक्टर हंसराज यादव, एमआर स्कूल डायरेक्टर सोमबीर कोडान, कैंब्रिज स्कूल बिरोहड़ के डायरेक्टर शरद यादव, एचआर ग्रीन फील्ड के डायरेक्टर विकास धनखड़, सुभाष गुर्जर, वीरेंद्र कौशिक आदि ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जयदेव दहिया शिक्षा जगत की एक प्रतिष्ठित हस्ती थे। उनके निधन से शिक्षा क्षेत्र को अपूर्णिय क्षति हुई है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं भी प्रकट की।



छावनी मोहल्लावासियों में आक्रोश, डीसी को शिकायत दी

बिना सीवरेज लाइन दुरुस्त किए हो रहा सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शहर के छावनी मोहल्ला में सीवरेज और पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त किए बिना सड़क निर्माण कार्य शुरू किए जाने पर मोहल्लावासियों में रोष व्याप्त है। आक्रोशित मोहल्लावासियों ने डीसी को शिकायत पत्र भेजकर पहले सीवरेज और पेयजल लाइन बिछाने तथा उसके बाद ही सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। लोगों कहना है कि क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था लंबे समय से ठप्प पड़ी है। यदि अब सड़क बना दी गई, तो पाइपलाइन बिछाने के लिए इसे दोबारा उखाड़ना पड़ेगा, जिससे सरकारी धन का बेवजह नुकसान होगा। छावनी मौहल्ला निवासी मनोज कुमार, जोगेंद्र, बालकिशन, सुशीला, रानी, बबली, ललित, जयभगवान, महावीर, नरेंद्र, मुकेश, धर्मेंद्र, राजेश कुमार, भरत सिंह, रामप्रसाद, कर्ण सिंह, होशियार सिंह, सुनील, सुभाष, अमर सिंह, दीपक, संतोष आदि का कहना है कि उनकी सड़क ठीक ठाक स्थिति में थी फिर भी इसे तोड़ दिया गया। सीवरेज लाइन के कार्य की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराई जाए ताकि सीवरेज लाइन डालने के लिए सड़क को फिर से तोड़ने की आश्यकता न पड़े और सरकारी धन की बचत हो सके।

सिटी पल्स



झज्जर। छावनी मोहल्ला की उखाड़ी गई गली। फोटो : हरिभूमि

पांच माह पहले नाला निर्माण के लिए तोड़ा था पेयजल कनेक्शन



नरेश कुमार ने बताया कि पांच माह पहले नाला निर्माण के दौरान उसके घर का पेयजल कनेक्शन तोड़ दिया गया था ऐसे में उसे चार से पांच हजार रुपये की हानि उठानी पड़ी थी, अब फिर से सड़क उखाड़ने के दौरान उसका पेयजल कनेक्शन टूट गया है। कर्मचारियों को पहले सूचित किया जाना चाहिए था। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोग दस-दस हजार रुपये की हानि कैसे उठा पाएंगे।

नाला निर्माण के बाद उसे पूरी तरह नहीं किया गया कवर



वीर सिंह ने बताया कि करीब पांच माह पहले किया नाला निर्माण भी अधूरा है। कहीं-कहीं अभी भी उस पर स्लैब डालकर कवर किए जाने की जरुरत है वहीं निर्माण के दौरान कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरते जाने से नाले से गंदे पानी का रिसाव होता रहता है। नियमित सफाई न होने के कारण बरसात के दिनों में नाले का गंदा पानी उसके घर के अंदर घुस गया था। अब सीवरेज बैक मार रहे हैं।

पहले सही हो बुनियादी ढांचा फिर बने सड़क



देवीचंद ने बताया कि ठेकाकर्मियों द्वारा करीब दस दिन पहले निर्माण के उद्देश्य से गली उखाड़नी शुरू की थी। जब मोहल्ले के लोगों ने इसका विरोध किया तो उन्होंने काम बंद कर दिया। तब से गली का उखाड़ा गया वह हिस्सा ज्यों का त्यों पड़ा है। जिला प्रशासन को चाहिए कि वह पहले बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करे फिर गली निर्माण करें। बगैर सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त किए गली निर्माण करना सरकारी धन का दुरुपयोग होगा।

छारा कॉलेज में 18 एनसीसी कैडेट्स का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

छारा के राजकीय महाविद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए एनसीसी कैडेट्स के नए नामांकन एवं भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई। इस प्रक्रिया में कुल 31 विद्यार्थियों ने ट्रायल में भाग लिया, जिनमें से 18 एनसीसी कैडेट्स का चयन किया। चयनित कैडेट्स में 12 सीनियर डिवीजन (एसडी) और 6 सीनियर विंग (एसडब्ल्यू) कैडेट्स शामिल हैं।

दरअसल, यह प्रक्रिया 1 हरियाणा बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुखविंदर सिंह के निर्देश और कर्नल अमन चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्राचार्य डॉ. सुशील दलाल ने नवचयनित कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का माध्यम है। कॉलेज के सीटीओ अनुराग ने भी सभी चयनित बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी पढ़ाई के साथ नेतृत्व, अनुशासन और टीम भावना विकसित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है।



बहादुरगढ़। बटालियन व कॉलेज पदाधिकारियों के साथ एनसीसी कैडेट्स।

नामांकन प्रक्रिया में सूबेदार विकास मलिक, रामनिवास और हवलदार हेमराज आदि का विशेष सहयोग रहा। सभी ने कैडेट्स को एनसीसी के मूल मंत्र एकता और अनुशासन को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

गांव नंगला में विभाग ने अधिसूचित किए खसरा नंबर

झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल ने जिलावासियों से आह्वान किया कि वे जिले की राजस्व सीमा में प्लाट खरीदने से पहले राजस्व, डीटीपी, शहरी निकाय सहित संबंधित विभाग से पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें। बिना वैध लाईसेंस के किसी भी अवैध कॉलोनी में जमीन या प्लॉट की खरीद फरोख्त न करें। जिला के गांव नंगला में बिना लाइसेंस/सीएलयू/ एनओसी प्राप्त किए अवैध रूप से कॉलोनी को विकसित करने की रिपोर्ट प्रशासन के संज्ञान में आई है। उन्होंने बताया कि गांव नंगला में मुसतिल / किला नंबर 39//16, 17,40//20 , 11//14,15, 16, 17, 19//4, 5, 6, 7 व 14//4, 5, 6, 7 में कोई भी व्यक्ति जमीन की खरीदारी न करें।



डीएवी की छात्रा करुणा रही द्वितीय

बहादुरगढ़। श्री हरि सेवा दल फाउंडेशन की ओर से आयोजित जिला स्तरीय श्री भगवत रामायण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल के करीब 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के जूनियर एवं सीनियर वर्गों में जिले के लगभग 5 हजार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में डीएवी स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा करुणा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 8100 की नकद राशि एवं प्रमाण-पत्र हासिल किया। जूनियर वर्ग में आठवीं कक्षा के छात्र युवराज ने छठा स्थान प्राप्त कर 1100 की नकद राशि एवं प्रमाण-पत्र जीतकर विद्यालय को गौरवांवित किया। प्राचार्या डॉ. इंदु शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों, नैतिकता तथा आत्मविश्वास का विकास करती हैं।

रोहद में किसानों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वीरवार को गांव रोहद में कृषि विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को धान के अवशेष नहीं जलाने तथा फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने की जानकारी दी गई।

उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक ने बताया कि जिलाधीश द्वारा फसल अवषेशों को जलाने से रोकने के लिए 23 सितंबर से 23 नवंबर तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंर्तगत अनुच्छेद 163 लगाई गई है। यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है, तो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्रवाई होगी। खंड कृषि अधिकारी ने किसानों से धान के फसल अवशेषों का हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, मल्चर, रोटावेटर एंव अन्य कृषि यंत्रों की सहायता से मिट्टी में मिलाते हुए उचित प्रबंधन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि उपमंडल में चल रही सभी कंबाईन हारवेस्टर में एसएमएस लगा होना जरूरी है। अन्यथा जब्त करने के साथ ही सख्त कानूनी कार्यवाही व पर्यावरण क्षतिपूर्ति जुर्माना भी लगाया जा सकता है। किसानों से फसल अवशेषों को नहीं जलाने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ ही खेत की उर्वरा शक्ति भी नष्ट होती है।



बहादुरगढ़। रोहद में किसानों को जागरूक करते कृषि अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सिंचाई विभाग की टीम निगरानी रखेगी और 5 हजार का जुर्माना लगाएगी

शिकायत के बाद माइनर से कचरा निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पर्यावरण प्रेमियों की गंभीरता के चलते प्रशासन ने माइनरों की तरफ ध्यान दिया है। वीरवार को सेक्टर-7 के पास माइनर की साफ सफाई कराई गई। अष्टमी, नवमीं पर फैलाया गया कचरा बाहर निकाला गया। वहीं, दूसरी तरफ सिंचाई विभाग ने कचरा डालने वालों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की चेतावनी दी है।

दरअसल, बहादुरगढ़ से गुजर रही पेयजल व सिंचाई माइनरों की हालत खराब है। अष्टमी और नवमीं पर तो हालात बिलकुल बिगड़ गए। लोगों ने पुरानी पूजन सामग्री सहित कचरा माइनर में भर दिया। नहर की हालत बिलकुल नाले जैसी कर दी। जयपाल सांगवान सहित कुछ पर्यावरण प्रेमियों ने कई लोगों को गंदगी डालने से रोका। इतना ही नहीं, जिला उपायुक्त को भी शिकायत दी। उपायुक्त के संज्ञान में मामला आने के बाद विभाग हरकत में आए और वीरवार को माइनर में कुछ जगहों पर सफाई कराई गई। जयपाल सांगवान व मनीष ने कहा कि केवल एक दिन की सफाई से समस्या का हल नहीं होगा। यहां नियमित सख्ती की जरूरत है। दूसरी तरफ सिंचाई विभाग द्वारा भी मामले में कड़ी कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। यहां कचरा डालने वाले लोगों की तस्वीर खींची जाएंगी। उधर, सिंचाई विभाग के एसडीई नवीन जून ने कहा कि नगर परिषद की ओर से माइनर की सफाई कराई गई है। हम भी लगातार निगरानी कर रहे हैं। चेतावनी पोस्टर, बैनर लगाए जा रहे हैं। यदि कोई कचरा डालते हुए मिलता है तो 5 हजार रुपये के जुर्माने के साथ साथ कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी। लोगों से अपील है कि माइनर को दूषित न करें। यदि कोई कचरा डालते हैं तो उसकी शिकायत करें।



बहादुरगढ़। पहले के मुकाबले माइनर में कम नजर आई गंदगी। फोटो : हरिभूमि

न्यूज डायरी



बहादुरगढ़। रामचंद्र पूनिया का स्वागत करते बादली कॉलेज के प्राध्यापक।

रोजगार के अवसरों की जानकारी दी

बहादुरगढ़। बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल द्वारा करियर गाइडेंस को लेकर एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य मेजर आनंद काद्यान ने की। मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में रामचंद्र पूनिया ने भविष्य में उपलब्ध रोजगार अवसर के प्रति जागरूक करते हुए लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन डॉ रेनू गुलिया ने किया। कार्यक्रम में प्रो. संदीप, डॉ. समता, प्रो. रुद्र प्रताप और प्रो. अजय अवस्थी का विशेष योगदान रहा। प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज प्रो. रचना ने बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया।

अवैध शराब सहित आरोपी को दबोचा

बहादुरगढ़। एमआईई में नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक गाड़ी रुकवाई। जांच करने पर गाड़ी से विभिन्न अंग्रेजी शराब ब्रांड की 24 बोतलें पाई गई। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आरोपी की पहचान राकेश निवासी महावीर पार्क के रूप में हुई है। उसके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।



बहादुरगढ़। व्याख्यान के दौरान उपस्थित छारा कॉलेज के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

छारा कॉलेज में हुआ विस्तार व्याख्यान

बहादुरगढ़। छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में सुशासन और लोक सुरक्षा पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष डॉ. ललिता और प्राचार्य डॉ. सुशील दलाल के कुशल मार्गदर्शन कार्यक्रम हुआ। सुशासन, जन सुरक्षा और नागरिक-केंद्रित प्रशासन में पुलिस की भूमिका पर डॉ. जगबीर सिंह नरवाल ने विचार रखे। उन्होंने कहा कि एक आदर्श समाज के निर्माण और पारदर्शी प्रशासन में पुलिस व्यवस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिक सुरक्षा और सुशासन के विभिन्न तकनीकी पहलुओं को विस्तार से समझाया।



झज्जर। बैठक में उपस्थित विभिन्न संगठनों से जुड़े कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

लंबित मांगों को लेकर किया मंथन

झज्जर। जिले के मातनहेल ब्लॉक में सीआईटीयू से संबंधित आशा वर्कर यूनियन, आंगनवाड़ी, ग्रामीण सफाई कर्मचारी आदि संगठनों के कर्मचारियों द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में संगठनों की लंबित मांगों पर चर्चा की गई तथा यूनियन नेताओं ने आगामी एक दिसंबर से दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय लिया। बैठक में उपस्थित आशा वर्कर यूनियन की राज्य सचिव प्रवेश मातनहेल, कोषाध्यक्ष अनीता, आंगनवाड़ी वर्कर यूनियन की जिला प्रधान बालेश, ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन के नेता संदीप, ग्रामीण चौकीदार यूनियन के नेता श्रवण कुमार व सीआईटीयू नेता विनोद देशवाल ने बताया कि उनकी विभिन्न संगठनों की मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाना, न्यूनतम वेतन 42 हजार रुपये दिया जाना, सामाजिक सुरक्षा लाभ, ईएसआई, पीएफ व ग्रेच्युटी दिया जाना शामिल है। इस मौके पर शीला, प्रमिला, सुनीता, रजनी, सुनील, मंजू, अनीता, कृष्णा, शकुंतला, अनिल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

NOTICE

In the Court of Assistant Collector, 1st Grade, Bahadurgarh

Parveen Versus Maane etc

Next Date Of Hearing 30-10-2026

1. Ranbeer S/o Mane S/o Bholar, S/o Badlu, 2. Yashwanti d/o Mane S/o Bholar, S/o Badlu, 3. Jagwanti D/o Mane S/o Bholar, S/o Badlu, 4. Jagbir S/o Mane S/o Bholar, S/o Badlu, 5. Jai Parkash S/o Mane S/o Bholar, S/o Badlu, 6. Santosh D/o Mane S/o Bholar, S/o Badlu, 7. Apoon S/o Mane S/o Bholar, S/o Badlu, 8. Shripal S/o Mane S/o Bholar, All residents of Village Aasuda Siwan Tehsil Bahadurgarh, District Jhajjar, Haryana.

Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of this court that above named respondents are avoiding service of summons and cannot be served in the ordinary manner, therefore this publication is issued against the respondents name above to appear before this court on 30-10-2026 personally or through their counsel or failing which exparte proceedings shall be taken against them. Given under my hand and the seal of the court.

Sd/-AC-1st Grade Bahadurgarh

न्यायालय श्री सहायक कलेक्टर, प्रथम श्रेणी, झज्जर
केस नं.77/N/Teh/25/8/2025
तारीख पेशी : 16.11.26

1. विजय कुमार 2. नरेन्द्र कुमार 3. रविन्द्र कुमार पुत्रान चान्दराम पुत्र सावलसिंह निवासीयान गांव समसपुर माजरा तह० व जिला झज्जर फरीक अव्वल....

बनाम

1. श्रीमति औमवती पुत्री कुन्दन पुत्र मुखराम 2. श्रीमति बिमला विधवा सुरेन्द्र उर्फ सतनारायण पुत्र अतर सिंह 3. रामरती विधवा व 4. रविन्द्र 5. जितेन्द्र सिंह रणजीत पुत्र पुत्रान व 6. सविता देवी पुत्री सुरजभान पुत्र समेर सिंह 7 प्रकाशचन्द्र पुत्र प्रताप सिंह 8. धर्मबीर 9. धर्मेन्द्र पुत्रान सुरेन्द्र उर्फ सतनारायण पुत्र अतर सिंह 10. श्रीमति मीना विधवा व 11. पूनम 12. अनिता पुत्रीयान राबीर पुत्र पहलाद 13. कैलाचन्द पुत्र मन्शाराम पुत्र नन्दलाल 14. सतनारायण: 15. सतबीर सिंह पुत्रान धर्म सिंह पुत्र श्योलाल 16. धनराज 17. राकेश कुमार पुत्रान करतार सिंह पुत्र चन्द्र सिंह 18. श्रीमति नरेश पत्नी अतर सिंह पुत्र प्यारेलाल 19. श्रीमति प्रकाशवती पत्नी हरिसिंह पुत्र प्रीतराम 20. धर्मबीर 21. राजपाल 22. राजेन्द्र 23. बलवान पुत्रान सुमेर सिंह पुत्र मंशाराम 24. श्रीमति रोशनी पुत्री सुमेर सिंह पुत्र मन्शाराम 25. रामनिवास पुत्र चन्द्रभान पुत्र प्रीतराम 26. श्रीमति शांति देवी विधवा चन्द्रभान 27. श्रीमति उषा 28. सरोज पुत्रीयान चन्द्रभान 29. अशोक 30. सुरेन्द्र पुत्रान चन्द्रभान 31. धर्मपाल पुत्र औमचन्द पुत्र श्योचन्द 32. प्रवीन कुमार 33. नवीन कुमार पुत्रान सतबीर पुत्र औमचन्द 34. श्रीमति प्रकाशवती विधवा व 35. सन्दीप 36. अकुंर 37. दीपक पुत्रान हरि सिंह पुत्र प्रीतराम 38. सुमन 39 शशीबाला पुत्रीयान हरिसिंह पुत्र प्रीतराम 40. श्रीमति मीना माता कृष्णकान्त पुत्र रम्यवार निवासीयान समरपुर माजरा तह० व जिला झज्जर फरीक दोयम.....

उपरोक्त शीर्षक के मुकदमे में उक्त प्रतिवादी/प्रतिवादीगण समन को तामिल करने से जानबूझकर बचते हैं और छिप गये हैं, इसलिए उक्त प्रतिवादीगण के नाम यह विज्ञापन (ईश्तहार) जारी किया है कि यदि उक्त प्रतिवादी दिनांक 16.11.2026 को प्रातः 10 बजे इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो इस संबंध में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांकः को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुद्रांक सहित जारी हुआ।

Sd/- A.C. 1st Grade, JHAJJAR

न्यायालय श्री सहायक कलेक्टर, प्रथम श्रेणी, झज्जर
केस नं. 76/N/Teh/25-08-2025
तारीख पेशी : 16.11.26

1. विजय कुमार 2. नरेन्द्र कुमार 3. रविन्द्र कुमार पुत्रान चान्दराम पुत्र सावलसिंह निवासीयान गांव समसपुर माजरा तह. व जिला झज्जर। फरीक अव्वल....

बनाम

1. श्रीमति मीना विधवा व 2. पूनम 3. अनिता पुत्रीवान रघबीर पुत्र पहलाद 4. श्रीमति औमवती पुत्री कुन्दन पुत्र मुखराम 5. रामरती विधवा व 6. रविन्द्र 7. जितेन्द्र सिंह पुत्रान व 8. सविता देवी पुत्री सुरजभान पुत्र समेर सिंह 9. रणजीत पुत्र प्रकाशचन्द्र पुत्र प्रताप सिंह 10. श्रीमति बिमला विधवा सुरेन्द्र उर्फ सतनारायण पुत्र अतर सिंह 11. धर्मबीर 12. धर्मेन्द्र पुत्रान सुरेन्द्र उर्फ सतनारायण पुत्र अतर सिंह 13. धनराज 14. राकेश कुमार पुत्रान करतार सिंह पुत्र चन्द्र सिंह 15. कलाचन्द पुत्र मन्शाराम पुत्र नन्दलाल 16. श्रीमति नरेश पत्नी अत्तर सिंह पुत्र प्यारेलाल 17. मुख्त्यार सिंह पुत्र प्रीतराम पुत्र छैलू 18. श्रीमति प्रकाशवती पत्नी हरिसिंह पुत्र प्रीतराम 19. धर्मबीर 20. राजपाल 21. राजेन्द्र 22. बलवान पुत्रान सुमेर सिंह पुत्र मन्शाराम 23. श्रीमति रोशनी पुत्री सुमेर सिंह पुत्र मन्शाराम 24. रामनिवास 25. अशोक 26. सुरेन्द्र पुत्रान चन्द्रभान पुत्र प्रीतराम 27. श्रीमति शांति देवी विधवा चन्द्रभान 28. श्रीमति सरोज 29. उपा पुत्रीयान चन्द्रभान 30. धर्मपाल पुत्र औमचन्द पुत्र श्योचन्द 31. प्रवीन कुमार 32. न्वीन कुमार पुत्रान सतबीर पुत्र औमचन्द 33. श्रीमति प्रकाशवती विधवा व 34. सन्दीप 35. अकुंर 36. दीपक पुत्रान हरि सिंह पुत्र प्रीतराम 37. सुमन 38. शशीबाला पुत्रीयान हरिसिंह पुत्र प्रीतराम 39. श्रीमति मीना माता कृष्णकान्त पुत्र रघनीर निवासीयान समसपुर माजरा तह. व जिला झज्जर। फरीक दोयम.....

उपरोक्त शीर्षक के मुकदमे में उक्त प्रतिवादी/प्रतिवादीगण समन को तामिल करने से जानबूझकर बचते है और छिप गये हैं, इसलिए उक्त प्रतिवादीगण के नाम यह विज्ञापन (ईश्तहार) जारी किया है कि यदि उक्त प्रतिवादी दिनांक 16.11.2026 को प्रातः 10 बजे इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो इस सम्बन्ध में एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 08.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुद्रांक सहित जारी हुआ।

Sd/- A.C. 1st Grade, JHAJJAR

खबर संक्षेप

चेरिटेबल फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन

बहादुरगढ़। पार्षद बलराम दलाल की पत्नी मीनाक्षी दलाल ने झज्जर रोड पर नेचर टच फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन किया। दिनेश कुमार ने बताया कि यहां अति निर्धन लोगों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस अवसर पर गीता, उर्मिला, पुष्पा, पूजा, बबली, विजय, राज, विजयलक्ष्मी, दर्शन, चिरिया, सुमन, मीनाक्षी, जैना, मीता, रीता, राकेश, विनीत व राजकुमार आदि रहे।

रोहतक में शटलकॉक चैंपियनशिप आज से

बहादुरगढ़। शटलकॉक फेडरेशन कप एवं नेशनल ओपन शटलकॉक चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 25 अक्टूबर तक रोहतक के एसआरएस स्कूल एवं कॉलेज में किया जा रहा है। सुशील अग्रवाल ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों की टीमें भाग लेंगी।

बादली में 26वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आज

बहादुरगढ़। बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में 26वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर एसडीएम विशाल कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर अजीत उर्फ जीते ठेकेदार को आमंत्रित किया गया है। खेलकूद प्रभारी डॉ. रवि शर्मा ने बताया कि इसमें 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर की दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेक, गोला फेक, चक्का फैक आदि विभिन्न खेलकूद स्पर्धाएं आयोजित की जाएगी।

अमेरिका में दमदार प्रदर्शन कर लौटे रोहित का किया अभिनंदन

रोहित ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया मान



बहादुरगढ़। कोच व साथी पहलवानों के साथ पदक विजेता रोहित दलाल।



बहादुरगढ़। कोच धर्मेंद्र दलाल के साथ साहिल कादियान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अमेरिका के लास वेगास शहर में हुई अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले रोहित दलाल पहलवान का मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अभिनंदन किया गया। साथी पहलवानों व कुश्ती प्रेमियों ने जीत की बधाई दी तो कोचों ने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया।

दरअसल, 12 से 18 अक्टूबर तक आयोजित चैंपियनशिप में दुनिया भर के पहलवानों ने हिस्सा लिया। मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अभ्यास करने वाले रोहित ने भारतीय टीम की ओर से दमदार प्रदर्शन किया। उसने क्वालीफायर मुकाबले में जमैका के पहलवान को 10-0 से हराकर शानदार शुरुआत की। हालांकि, अगले मुकाबले में उसे तुर्किये के पहलवान के खिलाफ 6-10 से हार का सामना करना पड़ा।

हार के बावजूद रोहित ने हिम्मत नहीं हारी और रेपचेज राउंड में मिले मौके को उसने पदक की राह में बदल दिया। मोलदोवा के पहलवान को 12-2 से हराकर कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई और इसके बाद अर्मेनिया के पहलवान को 8-3 से मात देकर पदक अपने नाम कर लिया। रोहित इससे पहले भी एशियन और वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीत चुका है। यह उसका चौथा अंतरराष्ट्रीय मेडल है। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले रोहित के पिता राज सिंह दलाल किसान हैं, जबकि दादा रण सिंह दलाल अपने समय के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। हिंद केसरी सोनू पहलवान, अर्जुन अवॉर्डी पहलवान एवं कोच ओमबीर पहलवान, कोच अनुराग, मुकेश, रिंकू, सुधीर, सेठी आदि ने जीत की बधाई दी। कोच धर्मेंद्र दलाल ने रोहित को होनहार पहलवान बताते हुए उसकी उपलब्धि पर खुशी जताई।

तिरंगा लहराने के लिए कजाकिस्तान पहुंचा साहिल पहलवान

बहादुरगढ़। कजाकिस्तान में कुश्ती का दम दिखाने के लिए हिंद केसरी सोनू अखाड़े का पहलवान साहिल कादियान कजाकिस्तान पहुंच गया है। वह वहां आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में ग्रीको रोमन के 63 किलोग्राम भारवर्ग में जोर आजमाइश करेगा। पहलवान साहिल कादियान से पदक की बेहद उम्मीदें हैं। हिंद केसरी सोनू अखाड़े में कोचों और साथी पहलवानों ने शुभकामनाओं के साथ बुधवार देर रात साहिल को कजाकिस्तान के लिए रवाना। कजाकिस्तान के शहर अस्ताना में 24 अक्टूबर से शुरू हो रही सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप 1 नवंबर तक चलेगी। साहिल कादियान झज्जर जिले के ढराणा गांव से है और बीते करीब 5 साल से हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अभ्यास करता है। राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुका है। कुछ समय पहले ही मंगोलिया में हुई वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में ब्रांज मेडल जीता था। कजाकिस्तान रवानगी से पूर्व हिंद केसरी सोनू पहलवान, कॉमनवेल्थ चैंपियन धर्मेंद्र दलाल, अर्जुन अवॉर्डी कोच ओमवीर सिंह, कोच अनुराग, मुकेश, रिंकू, सुधीर व सेठी आदि ने साहिल को बेहतर प्रदर्शन का आशीर्वाद दिया।

मियावाकी जंगल में पौधों की ग्रोथ पर पर्यावरण प्रेमियों ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। करीब 100 दिन बाद पौधे की हाइट दिखाते वजीर सिंह दहिया।

क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं की ओर से मियावाकी तकनीक से विकसित किए जा रहे जंगल में 100 दिनों के भीतर पौधों की अच्छी ग्रोथ हुई है। इस पर पर्यावरण प्रेमियों ने खुशी जताई है।

गत 12 जुलाई 2026 को बाईपास के साथ लगती ग्रीन बेल्ट में मियावाकी जंगल की नींव रखी गई थी। करीब 2500 पौधे लगाए गए थे। ट्रस्ट सदस्यों के अनुसार, पौधों की औसत ऊंचाई अब 4 से 5 फीट तक पहुंच गई है, जबकि कुछ पौधों की ऊंचाई 12 से 15 फीट हो गई है। रोपण के समय इन पौधों की ऊंचाई लगभग 6 इंच से डेढ़ फीट के बीच थी और औसत ऊंचाई करीब एक फीट थी। मियावाकी तकनीक में स्थानीय जलवायु के अनुकूल विभिन्न प्रजातियों के पौधों को कम दूरी पर लगाया जाता है। मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने, जैविक पदार्थों के उपयोग और शुरुआती वर्षों में नियमित देखभाल से सघन वनस्पति विकसित करने का प्रयास किया जाता है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि पारंपरिक तरीके से इतने पौधे लगाने के लिए करीब 8 से 10 एकड़ भूमि की जरूरत पड़ सकती थी। सघन रोपण के जरिए इन्हें एक एकड़ में लगाने का प्रयास किया गया है। पूरी तरह से विकसित होने के बाद यह हरित क्षेत्र पक्षियों और छोटे जीवों के लिए आवास उपलब्ध कराने, मिट्टी को सुरक्षित रखने व स्थानीय पर्यावरण को बेहतर बनाने में अहम योगदान देगा।

मारपीट के बाद कार से मारी टक्कर

बहादुरगढ़। गांव सोलधा के निवासी दो युवकों के साथ गाड़ी सवार कुछ लोगों ने मारपीट की। इतना ही नहीं, जान से मारने की नीयत से टक्कर मारने का भी आरोप है। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सौलधा के निवासी इशांत का कहना है कि 19 अक्टूबर की रात को वह अपने दोस्त चिराग के साथ स्कूटी पर सवार होकर बहादुरगढ़ से अपने गांव लौट रहा था। जब हम नया गांव से निकलने लगे तो एक टेंपरेरी नंबर की कार आगे आकर रुकी और हमारा रास्ता रोक दिया। गाड़ी में चार, पांच लड़के शराब पी रहे थे। उनमें से एक लड़के ने मुझे बुलाया और पानी की बोतल लाने के लिए कहा। मैंने मना किया तो उन्होंने हमारे साथ गाली गलोच शुरू कर दी। फिर हाथापाई करने लगे। राहगीरों ने बीच बचाव कराया। जब हम अपने घर की ओर जाने लगे तो बाईपास पर पीछे से गाड़ी ने हमें टक्कर मारी। हम दोनों गिर गए। चिराग को गंभीर चोट आई। इसके बाद आरोपी भाग गए। हमें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।



झज्जर। अवैध पेयजल कनेक्शन काटते हुए विभागीय कर्मचारी।

याकूबपुर गांव में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने काटे अवैध पेयजल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा गांव याकूबपुर में वीरवार को विशेष जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। विभाग के जिला सलाहकार श्याम अहलावत ने बताया कि जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर ग्रामीणों क्रो जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन के लिए जागरूक किया गया। बीआरसी मीनू वत्स ने बताया कि पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अवैध पेयजल कनेक्शनों को काटा जा रहा है। इस कार्य में विभाग के पंप ऑपरेटर सहित सात से आठ कर्मचारियों की टीम बनाई गई है, जो घर-घर पहुंच कर अवैध पेयजल कनेक्शनों को चिन्हित करते हुए उन्हें काटने का कार्य कर रही है। अभियान के अंतर्गत दो दिनों में करीब 90 से अधिक अवैध कनेक्शनों को काटा जा चुका है तथा 15 से ज्यादा ऐसे इंसेंटरी कनेक्शन काटे गए है जो पेयजल आपूर्ति को दूषित करने कारण बन रहे थे। उन्होंने बताया कि पेयजल बर्बादी रोकने के उद्देश्य से चलाया गया यह अभियान आगामी तीन-चार दिनों तक गांव में और चलाया जाएगा।



झज्जर। अवैध पेयजल कनेक्शन काटते विभागीय कर्मचारी।

लेखन प्रतियोगिता में आस्था प्रथम

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय दुजाना में वीरवार को हिंदी विभाग व आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा अंतः सदनीय सुंदर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य नसीब सिंह ने कहा कि सुंदर लेखन एक कला है, इससे विद्यार्थी की प्रतिभा उजागर होती है। सुंदर लेखन, शिक्षा का एक अहम हिस्सा है, यह संचार कौशल विकसित करता है व रचनात्मकता और कलात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देता है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर सुनीता, डॉक्टर सजनी देवी व डॉक्टर अंजुबाला ने निभाई। प्रतियोगिता में आस्था पूनिया ने प्रथम, रीतिका ने द्वितीय व नवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर सीमा कुंडू, डॉक्टर रजनी, डॉक्टर मोनिका सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

सेक्टर-9 की समस्याओं को लेकर आरडब्ल्यूए प्रधान ने लगाई सीएम विंडो पर शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



शहर के सेक्टर-9 में लंबे समय से लंबित विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं को लेकर आरडब्ल्यूए प्रधान सोमवीर जाखड़ ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों और जिला प्रशासन को कई बार लिखित व मौखिक शिकायतें देने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। इसके चलते उन्हें सीएम विंडो पर अपनी शिकायतें दर्ज करानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि नवंबर-दिसंबर 2025 में जनसुनवाई के दौरान सेक्टर में बरसाती पानी की निकासी और नई सीवरेज लाइन का मुद्दा उठाया गया था। अधिकारियों ने जून 2026 तक काम आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया था, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बावजूद काम शुरू नहीं हुआ और शिकायत बंद कर दी गई। उन्होंने बंद शिकायत दोबारा खोलने, जांच कराने तथा निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की। दी गई शिकायत में सेक्टर के पार्कों और ग्रीन बेल्ट में घास व झाड़ियों की नियमित सफाई नहीं होने पर भी नाराजगी जताई गई है। सेक्टरवासियों के अनुसार वर्ष में दो बार सफाई के आदेश होने के बावजूद हॉर्टिकल्चर विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों को शिकायत देने के बाद भी सुधार नहीं हुआ।

अंतरसदनीय अंग्रेजी क्विज प्रतियोगिता में रमन सदन प्रथम

झज्जर। एच डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में विद्यार्थियों की अंग्रेजी भाषा संबंधी दक्षता, बौद्धिक क्षमता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरसदनीय अंग्रेजी क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा दूसरी से पांचवीं तक के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंग्रेजी अध्यापिका रिंशु ग्रेवाल और अध्यापक हिम्मत डागर ने बताया कि अंतरसदनीय अंग्रेजी क्विज प्रतियोगिता में आठ राउंड हुए। जिसमें रमन सदन की टीम हैप्पी, समिक्ष, खुशी, कनिष्का ने बाजी मारते हुए 176 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं कलाम सदन की टीम अयान, अंश, दिव्यांशी व दक्ष 171 अंक लेकर द्वितीय और अटल सदन 164 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे जबकि पटेल सदन को सांत्वना पुरस्कार से संतोष करना पड़ा।



पोस्टर मेकिंग में दिव्यांशी और निबंध लेखन में निशा ने पाया पहला स्थान



झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के गणित विभाग में पोस्टर मेकिंग और हिंदी विभाग में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन गणित विभागाध्यक्ष डॉक्टर संदीप और हिंदी विभागाध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप ने किया। पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने गणित के विभिन्न आयामों को अपने पोस्टरों के माध्यम से बहुत ही रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया जबकि निबंध प्रतियोगिता महर्षि वाल्मीकि के जीवन और दर्शन पर केंद्रित रही। पोस्टर प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर प्रताप फलसवाल, राकेश पसरीजा और डॉक्टर प्रवीण गुलिया ने किया जबकि निबंध लेखन प्रतियोगिता का निर्णय हिन्दी प्राध्यापक शिवशंकर, अनुपमा और सुदेश कुमारी ने किया। पोस्टर प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा दिव्यांशी ने पहला, बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा अर्चना ने दूसरा तथा बीएससी तृतीय वर्ष की ही सुषमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में एमए हिंदी प्रथम वर्ष की छात्रा निशा ने पहला, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया ने दूसरा तथा एमए हिंदी प्रथम वर्ष की छात्रा अंजू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



रामकंवार सैनी बने पूर्व सैनिकों की कमेटी के जिलाध्यक्ष

बहादुरगढ़। भारतीय सेना की तकनीकी कोर ईएमई का 84वां कोर-डे शहर के गौरैया टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में मनाया गया। इस दौरान जिला झज्जर के ईएमई कोर के पूर्व सैनिकों की नई कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी रामकंवार सैनी को सौंपी गई। बहादुरगढ़ ईगल वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए ईएमई कोर के पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया। रामकंवार सैनी को झज्जर जिलाध्यक्ष बनाने के साथ ही शमशेर सिंह को उपाध्यक्ष, राजवीर खोखर को सचिव और जयपाल अहलावत को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। एसोसिएशन के सदस्यों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि नई कमेटी पूर्व सैनिकों की एकता, सम्मान, सहयोग और कल्याण के लिए निरंतर कार्य करेगी।

250 छात्राओं ने करवाई आंखों की जांच



बहादुरगढ़। राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस के तत्वावधान में एक दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 250 छात्राओं ने अपनी आंखों की जांच करवाई। शिविर में चिकित्सकों ने छात्राओं को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। आंखों की देखभाल और दृष्टि संबंधी समस्याओं के प्रति सचेत किया। शिविर में सेंटर फॉर साइट के वरिष्ठ ऑप्टोमेट्रिस्ट डॉ. नीरज व उनकी टीम ने छात्राओं की आंखों की जांच की। उन्हें नेत्र स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक परामर्श प्रदान किया। छात्राओं को आंखों की नियमित जांच करवाने, दृष्टि संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज न करने तथा आंखों को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाने के बारे में जानकारी दी। प्राचार्या अलका गुलाटी ने कहा कि छात्राओं के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ उनकी आंखें भी महत्वपूर्ण हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशिमा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी एवं जनसेवा की भावना विकसित करना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295154800, 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5×8 सें.मी 10×8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

'राम जी की निकली सवारी, राम जी की लीला है न्यारी..' भजन पर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। प्रभु श्रीराम चंद्र की आरती उतारते हुए मुकुटधारी हनुमान जी।

श्री प्राचीन रामलीला कमेटी के द्वारा भरत मिलाप की शोभायात्रा निकाली गई। बाबा कांशीगिरी चौक पहुंचने पर शोभा यात्रा का श्री वीर हनुमान सेवा समिति के सभी सेवकों ने हर्षोल्लास से प्रभु श्री राम का स्वागत किया। जितेंद्र, मनोहर, हेमंत, गुरप्रीत, सक्षम, अमन, सुनील, मयंक, पारस महाराज, आरव सहित श्रीकांत मुकुट वाले हनुमान स्वरूपों ने अपने स्वामी का पूजन किया। जैसे ही मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम जी का रथ मंदिर चौक पर पंहुचा पूरा वातावरण प्रभु श्री राम जी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर प्रभु श्री राम, माता जानकी, भरत और शत्रुघ्न आरती उतारी और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान जग के जो पालन हारे है उन्हें हनुमान बड़े प्यारे है, राम जी की निकली सवारी, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने.. बिछा दो अपनी पलकों को अवध में राम आये हैं, सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आये हैं... संकट हरने को हनुमान कहते है..सहित भजन गूंजते रहे। इसके अलावा महिला-पुरूष एवं बच्चों ने भरत मिलाप झांकी का आनंद लिया।



बहादुरगढ़। कृष्ण गोपाल विद्यार्थी को सम्मानित करते आयोजक।

गीतकार कृष्ण को मिला साहित्य भास्कर सम्मान

बहादुरगढ़। राष्ट्रीय कवि संगम की जींद इकाई की संयोजिका शकुंतला काजल शकुन व सचिव कदम सिंह राठी द्वारा बहादुरगढ़ के गीतकार कृष्ण गोपाल विद्यार्थी को साहित्य भास्कर सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. गौरी अरोड़ा, जय सिंह जीत, डॉ. चंद्र दत्त शर्मा व खेमचंद सहगल सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों से पधारे कवि व कथाकार भी उपस्थित रहे।